सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को ''वाल्मीकि जयंती'' की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजभवन देहरादून 16 अक्टूबर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अपने संदेश में प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि रामायण जैसे महान महाकाव्य की रचना के माध्यम से वाल्मीकि जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र को विश्व के सामने प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं का अनुसरण करके हम एक आदर्श समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं, जो समाज के उपेक्षित और वंचित वर्गों की सेवा एवं सहायता में विश्वास रखता है। वाल्मीकि जी की शिक्षाएं अवसर की समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती हैं, जो एक समावेशी समाज की नींव है।

............0…………